**जल जीवन मिशन–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत दिनांक 25.02.2026 को जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत जनपद–बलरामपुर में नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो चेन्नई एवं मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारा पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में दिनांक 25.02.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार, बलरामपुर में आयोजित की गई। जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर।
2. जिला पंचायती राज अधिकारी, बलरामपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
4. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद–बलरामपुर।
5. परियोजना प्रबन्धक मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
6. परियोजना प्रबन्धक, मे0 दारा इंजीनियरिंग, बलरामपुर।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।
8. टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि.(टी.पी.आई.), देवीपाटन क्लस्टर, गोण्डा।
9. डिप्टी टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि.(टी.पी.आई.), बलरामपुर।

सदस्य सचिव द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा जनपद–बलरामपुर हेतु नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, चेन्नई एवं मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0), जोधपुर द्वारा पाइप पेयजल योजनाओं पर किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में पी0पी0टी0 के माध्यम से अवगत कराया गया।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 को आवंटित 199 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 148 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु 119 नग पेयजल योजनाओं पर ओ0एच0टी0 के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही हैं। शेष 29 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य बॉटम डोम तक पूर्ण है। जिसमें आउटलेट/इनलेट, राइजिंग मेन के कार्य अवशेष हैं। 22 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य स्टेजिंग लेवल तक पूर्ण है। मैनपावर एवं सामग्री की अनुपलब्धता के कारण कार्यदायी संस्था द्वारा जिंक एलम टैंक के अधिष्ठापन का कार्य नहीं किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा 199 नग ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया गया है। 199 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 196 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 3 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 199 नग योजनाओं के सापेक्ष 188 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 119 नग सोलर पैनल संचालित है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 2103 कि0मी0 के सापेक्ष 2095 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कार्यदायी संस्था द्वारा 295 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 176 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत "हर घर जल" प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 146 नग राजस्व ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित किया गया है। फर्म 241 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा ओ0एच0टी0 के निर्माण कार्य में पिछली बैठक के सापेक्ष वर्तमान तक अपेक्षित प्रगति नहीं की गयी है। यह भी अवगत कराया गया कि फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो को 90 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति वाली 130 नग परियोजनाओं पर 10 करोड़ रूपए की धनराशि प्राप्त हुई है, जिसके सापेक्ष कार्यदायी फर्म को 20 नग परियोजनाओं को मार्च, 2026 तक कियाशील करते हुए जनोपयोगी बनाया जाना है।

**निर्देशः**

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि जिन 29 नग परियोजनाओं के ओ0एच0टी0 का निर्माण कार्य बॉटम डोम तक पूर्ण है उन्हें आगामी बैठक से पूर्व शत प्रतिशत पूर्ण कराते हुए जनोपयोगी बनाया जाए। जिन योजनाओं में नियमित जलापूर्ति की जा रही है, उनके अन्तर्गत सभी राजस्व ग्रामों में काटी/तोड़ी गयी विभिन्न प्रकार की सड़कों का रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्तायुक्त शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही साथ यदि रोड रेस्टोरेशन होने के पश्चात किसी भी योजनान्तर्गत रोड का सेटलमेन्ट हुआ हो तो उसे गुणवत्तापूर्वक पुनः ठीक करा लिया जाए तथा रोड रेस्टोरेशन एवं**

CamScanner

योजनाओं में जलापूर्ति की स्थिति को आगामी बैठक में दर्शाया जाए कि किन-किन योजनाओं पर कितने समय तक जलापूर्ति की गयी। जिन परियोजनाओं में सोलर पैनल अधिष्ठापन एवं ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उन सभी योजनाओं पर सीधे पम्प द्वारा जलापूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त स्काडा इंटीग्रेशन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए।

कार्यवाही– अधि0 अभि0, जल निगम(ग्रामीण)/मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारा आवंटित 430 नग पाइप पेयजल योजनाओं में 116 नग योजनाओं के ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कर 92 नग योजनाओं पर जलापूर्ति की जा रही है। जिसमें से 67 नग योजनाओं पर नियमित जलापूर्ति हो रही है तथा शेष 25 नग योजनाओं पर टेस्टिंग का कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान तक 183 नग योजनाओं में ओ0एच0टी0 के टॉप डोम, 58 नग बॉटम डोम एवं 108 नग स्टेजिंग लेवल तक का कार्य पूर्ण किया गया है। शेष 81 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध न होने के कारण निर्माण कार्य पूरी तरह बंद है। फर्म द्वारा 430 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 392 नग ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया गया है। 430 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 350 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 430 नग योजनाओं के सापेक्ष 316 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 128 नग सोलर पैनल संचालित है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 4558 कि0मी0 के सापेक्ष 4390 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कार्यदायी संस्था द्वारा 595 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 118 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत "हर घर जल" प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 76 नग राजस्व ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित किया गया है। फर्म द्वारा 490 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गो के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है।

सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) के अन्तर्गत 19 वेंडर द्वारा कार्य कराया जा रहा है, जिसमें अधिकांश वेंडर द्वारा पाइप पेयजल योजना के कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है। जिससे योजनाओं के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक को लगातार मैनपावर में वृद्धि करते हुए योजना के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है, परन्तु फर्म द्वारा अभी तक किसी प्रकार का कोई अपेक्षित सुधार नहीं लाया जा रहा है, जबकि फर्म मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन को 90 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति वाली परियोजनाओं पर 3 करोड़ रूपए की धनराशि प्राप्त हुई है, जिसके सापेक्ष कार्यदायी फर्म को 20 नग परियोजनाओं को मार्च, 2026 तक कियाशील करते हुए जनोपयोगी बनाया जाना है।

<u>निर्देशः</u>

जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मेसर्स दारा ईको प्रोटेक्शन (जे0वी0) के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि फर्म को वर्तमान में प्राप्त भुगतान के सापेक्ष जिन 20 नग परियोजनाओं के ओ0एच0टी0 का निर्माण कार्य टॉप डोम तक पूर्ण हैं, उनमें 20 से अधिक योजनाओं जो 90 प्रतिशत से ऊपर भौतिक प्रगति को पार कर चुकी हैं उनमें से अधिकाधिक योजनाओं को आगामी बैठक से पूर्व शत प्रतिशत पूर्ण कराते हुए जनोपयोगी बनाया जाए। जिन योजनाओं में नियमित जलापूर्ति की जा रही है, उनके अन्तर्गत सभी राजस्व ग्रामों में काटी/तोड़ी गयी विभिन्न प्रकार की सड़कों का रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्तायुक्त शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही साथ यदि रोड रेस्टोरेशन होने के पश्चात किसी भी योजनान्तर्गत रोड का सेटलमेन्ट हुआ हो तो उसे गुणवत्तापूर्वक पुनः ठीक करा लिया जाए तथा रोड रेस्टोरेशन एवं एफ0एच0टी0सी0 के कम से कम 10–10 फोटोग्राफ अगली बैठक की पी0पी0टी0 में शामिल किया जाए। योजनाओं में जलापूर्ति की स्थिति को आगामी बैठक में दर्शाया जाए कि किन-किन योजनाओं पर कितने समय तक जलापूर्ति की गयी। जिन परियोजनाओं में सोलर पैनल अधिष्ठापन एवं ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उन सभी योजनाओं पर सीधे पम्प द्वारा जलापूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त स्काडा इंटीग्रेशन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए।

कार्यवाही– अधि0 अभि0, जल निगम(ग्रामीण)/ मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0।

निर्देशः

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मे0 सेन्सिस टेक लि., (टी.पी.आई.) के डिप्टी टीम लीडर को निर्देशित किया गया कि जो योजनाओं के प्रगति पर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है, उनमें जिन योजनाओं पर साइट विजिट

की जाती है, उन योजनाओं की जियोटैग फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराया जाए, अन्यथा की स्थिति में टी0पी0आई0 टीम बलरामपुर के कर्मियों का वेतन रोक दिया जाएगा।

**कार्यवाही– जनपदीय टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि., (टी.पी.आई.)**

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(संदीप सिंह)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता भूगर्भ जल
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला कृषि अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

प्रभागीय वन अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला पंचायती राज अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

28/2/2026
प्र0 मुख्य विकास अधिकारी,
(उपाध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बलरामपुर।**

पत्रांक : 260 / 210-1 / 21 दिनांक– 28-02-2026

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ.प्र. जल निगम(ग्रामीण), गोण्डा।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
5. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
7. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0), बलरामपुर।
8. डिप्टी टीम लीडर, टी0पी0आई0, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner